सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– **95**
26/01/2026

# राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर गाँधी मैदान, पटना में राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया तथा बिहारवासियों को सम्बोधित किया

पटना 26 जनवरी, 2026 :–माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां ने 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर गाँधी मैदान, पटना में राष्ट्रीय झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय धुन बजाई गई एवं राष्ट्रीय सलामी हुई। राज्यपाल के गाँधी मैदान पहुँचने पर उन्हें राष्ट्रीय सलामी दी गई तथा बाद में उन्होंने खुली जीप में परेड का निरीक्षण किया। राज्यपाल ने मार्च पास्ट की भी सलामी ली। उन्होंने शौर्य पुरस्कार से सम्मानित विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशंसा–पत्र भी प्रदान किया। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों/संगठनों द्वारा निकाली गयी झाँकियों का भी अवलोकन किया।

इस अवसर पर राज्यपाल ने ऐतिहासिक गाँधी मैदान, पटना से राज्य की जनता को संबोधित करते हुए उन्हें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। **(गाँधी मैदान, पटना में गणतंत्र दिवस–2026 के मुख्य समारोह में हुए माननीय राज्यपाल के अभिभाषण के मूल पाठ की प्रति संलग्न)।**

..........................................